नई दिल्ली, बुधवार
18 सितंबर 2019
गाजियाबाद
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 16+8=24

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

सोसायटी के हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू

जासं, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी 12 एवेन्यू सोसायटी में मंगलवार को बिल्डर प्रबंधन व सोसायटी के लोगों के बीच बैठक हुई। बैठक के दौरान बिल्डर प्रबंधन व एओए के बीच सोसायटी के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद दोनों के बीच मेमोरेंडम ऑफ ट्रांसफर (एमओटी) साइन हो गए है। करीब डेढ़ महीने बाद सोसायटी पूरी तरह एओए के हस्तांतरण हो जाएगी। बैठक में एमओटी साइन होने से पहले एओए ने सोसायटी में व्याप्त कई समस्याओं से अवगत कराया। जिनमें कुछ बिंदुओं पर प्रबंधन ने अपनी सहमति दे दी। प्रबंधन का दावा है कि 12 एवेन्यू का ओसी (ऑक्यूपेंसी सार्टिफिकेट) 2016 में प्राप्त हो चुका है। सोसायटी में लिफ्ट, फायर, प्रदूषण आदि की एनओसी पहले ही मिल चुकी है। बैठक में सभी दस्तावेजों को एओए टीम के साथ साझा किया गया है। वहीं एओए का कहना है कि अभी हमने एमओटी साइन की है। हस्तांतरण की प्रक्रिया बाकी है। हस्तांतरण के लिए बिल्डर ने एक महीने का वक्त मांगा है। इस समय अंतराल में बिल्डर प्रबंधन को बचे शेष कार्य पूरा करने होंगे। उसके बाद ही एओए हैंडओवर लेगी।